**प्रेरणा**
अगर हम गिरते हैं तो अधिक अच्छी तरह चलने का रहस्य सीख जाते हैं।

सच कहने की ताकत

# जालंधर ब्रीज

साप्ताहिक समाचार पत्र

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-5 • 28 JUNE TO 04 JULY 2024 • VOLUME 48 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA
U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

# देश के संविधान पर सबसे बड़ा हमला था आपातकाल : राष्ट्रपति

## नीट पेपर लीक मामले में विपक्ष के हंगामे पर दल या राजनीति से ऊपर उठकर काम करने की जरूरत पर दिया ज़ोर

**नई दिल्ली.** 18वीं लोकसभा सत्र को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संबोधित किया। अभिभाषण की शुरुआत राष्ट्रपति ने नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई देकर की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में हुए ऐतिहासिक चुनाव को दुनिया भर ने देखा और सराहना की गई। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार का लक्ष्य देश को तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाना है। इस दौरान विपक्ष ने नीट पेपर लीक को लेकर हंगामा किया। इस पर राष्ट्रपति ने कहा कि हमे दल या राजनीति से ऊपर उठकर काम करने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने आपातकाल पर भी बात कही। उन्होंने कहा कि आपातकाल देश के संविधान पर सबसे बड़ा हमला था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण के दौरान विपक्ष के नीट पेपर लीक मामले को लेकर हंगामा किया। राष्ट्रपति ने विपक्षी सांसदों को रोकने के लिए कहा लेकिन, वे नहीं रुके। इस पर राष्ट्रपति ने कहा कि नीट पेपर लीक से पहले भी पेपरों की लीक की घटना कई राज्यों में सामने आई हैं। ऐसे में हमे दल या राजनीति से ऊपर उठकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जांच से ही जवाबदेही तय होगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में आपाताकाल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल देश के संविधान पर सबसे बड़ा हमला था। राष्ट्रपति ने कहा कि आज 27 जून है और 25 जून देश के संविधान के लिए सबसे बुरा पल था। मेरी सरकार देश के संविधान को सिर्फ कामकाज नहीं मानती बल्कि, यह जन



चेतना को भी साथ में लेकर चलती है। मुर्मू से पहले बुधवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी आपातकाल को देश के लिए सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया था। स्पीकर ने सदन में दो मिनट का मौन भी रखा था।

**तीसरी बड़ी अर्थव्यस्था की दिशा में बढ़ रहे आगे :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, छह दशकों के बाद देश में पूर्ण बहुमत वाली एक स्थिर सरकार बनी है। लोगों ने तीसरी बार इस सरकार पर भरोसा दिखाया है। लोग इस बात से अवगत हैं।

**कई मायनों में ऐतिहासिक 18वीं लोकसभा :** राष्ट्रपति ने कहा कि यह सरकार हर भारतीय की आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है। 18वीं लोकसभा कई मायनों में एक ऐतिहासिक लोकसभा है। यह लोकसभा अमृत काल के शुरुआती वर्षों में बनी है। आगामी सत्रों में यह सरकार इस कार्यकाल का पहला बजट पेश करने जा रही है। यह बजट आर्थिक और सरकार की दूरगामी नीतियों के साथ-साथ भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा इस बजट में सामाजिक फैसले, कई ऐतिहासिक कदम भी दिखेंगे।

**बुजुर्गों को आयुष्मान का लाभ, किसानों को आत्मनिर्भर बना रहे :** राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि, नई सरकार में हम 70 साल से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों को आयुष्मान का फायदा दे रहे हैं। यही नहीं किसानों के प्रति भी सरकार ने लगातार कार्य किए हैं। किसानों को 20 हजार करोड़ ट्रांसफर किए गए। इससे हमने किसानों को ज्यादा आत्मनिर्भर किया है।

**पहली बार करोड़ों गरीबों के लिए शौचालय बने :** राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान में गरीबों का जीवन और उनके स्वास्थ्य को राष्ट्रीय महत्व का विषय बना है। पहली बार करोड़ों गरीबों के लिए शौचालय बनाए गए हैं।

**एक दशक में हमारा रक्षा निर्यात 21 हजार करोड़ पहुंचा :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, "सक्षम भारत के लिए हमारी सशस्त्र सेनाओं में आधुनिकता जरूरी है। युद्ध की स्थिति में भी हम सर्वश्रेष्ठ रहें हैं। ये सुनिश्चित करने के लिए सशस्त्र सेनाओं में सुधार की प्रक्रिया निरंतर चलती रहनी चाहिए। इसी मानसिकता के साथ मेरी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। विभिन्न सुधारों के साथ, भारत 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा विनिर्माण में लगा हुआ है। पिछले 1 दशक में हमारा रक्षा निर्यात 18 गुना बढ़कर 21,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।"

# लारेंस बिश्नोई व गोल्डी बराड़ से संबंधित तीन शूटर गिरफ्तार

## पुलिस टीमों ने हुंडई वरना कार व कारतूस सहित तीन पिस्तौल भी किए बरामद

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़/बठिंडा

बठिंडा की काउंटर इंटेलिजेंस (सी.आई) ने जिला पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ से संबंधित तीन शूटरों को गिरफ्तार कर राज्य में संभावित टारगेट किलिंग की योजना को विफल कर दिया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने आज यहां बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान करनदीप सिंह उर्फ कनू निवासी नवीं बस्ती मौर मंडी, रघुवीर सिंह व कुलविंदर सिंह उर्फ बिट्टू दोनों निवासी गांव कोट शमीर बठिंडा के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने उसके कब्जे से तीन पिस्तौल, जिनमें से एक 9 एमएम पिस्तौल और दो .32 बोर पिस्तौल सहित छह जिंदा कारतूस और छह मैगजीन बरामद करने के अलावा उनकी हुंडई वरना कार भी जब्त कर ली है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस टीमों ने तीनों आरोपियों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे अपनी हुंडई वरना कार में मौड़ से बठिंडा की ओर आ रहे थे और उनके कब्जे से तीन पिस्तौल



सहित कारतूस बरामद कर लिया।

डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी करणदीप कनू लारेंस बिश्नोई के सीधे संपर्क में था और आरोपियों से बरामद हथियारों का इस्तेमाल टारगेट किलिंग को अंजाम देने के लिए किया जाना था। उन्होंने कहा कि इस मामले में अगले-पिछले संबंधों का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है।

एआईजी सीआई बठिंडा अवनीत कौर सिद्धू ने बताया कि पुलिस टीमों ने इस मॉड्यूल के दो और संचालकों की पहचान की है, जिन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। एसएसपी बठिंडा दीपक पारीक ने बताया कि इस संबंध में थाना मौड़ बठिंडा में आर्म्स एक्ट की धारा 25 के अंतर्गत एफआईआर नंबर 72 तिथि 27-06-2024 दर्ज की गई है।

# जालंधर उपचुनाव : शिअद ने बसपा उम्मीदवार को समर्थन देने का किया ऐलान

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब की क्षेत्रीय पार्टी शिरोमणि अकाली दल ने बसपा उम्मीदवार को समर्थन ना देने का ऐलान कर दिया है। चंडीगढ़ में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने कहा कि अकाली दल का बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन है इसलिए जालंधर वेस्ट में उन्हीं का समर्थन किया जाएगा। डॉ. चीमा ने कहा कि बीबी जागीर कौर व पूर्व अकाली विधायक गुरप्रीत सिंह वडाला ने पार्टी से पूछे बिना उम्मीदवार बनाया है। सिलेक्शन कमेटी के सदस्य व अकाली दल विधायक डॉ. सुखविंदर सुक्खी ने बताया कि जिस दिन जालंधर में चयन



कमेटी की बैठक हो रही थी, तभी सुखबीर बादल का बीबी जगीर कौर को फोन आ गया था। जिसमें उन्होंने ने स्पष्ट कर दिया था कि जालंधर वेस्ट सीट बहुजन समाज पार्टी की है और अकाली दल उन्हें ही समर्थन करेगी।

डॉ. चीमा ने बताया कि अकाली दल बुधवार शाम नॉमिनेशन वापस लेने और बहुजन समाज पार्टी को समर्थन देने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर के पास पहुंचा भी था, लेकिन समय निकल जाने के कारण ऐसा नहीं हो पाया। प्रधान का नाम खराब करने के लिए ऐसा किया गया। डॉ. चीमा ने आरोप लगाया कि विरोध जता रहे सदस्यों ने जानबूझ कर पार्टी प्रधान का नाम खराब करने के लिए यह कदम उठाया। उनकी मंशा थी कि अकाली दल दोबारा से बुरी हार का सामना करे और पार्टी प्रधान का नाम खराब हो। इसलिए पार्टी का विरोध करने वाले नेता लगातार प्रेस-कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं और पार्टी प्रधान बदलने की बात सामने रख रहे हैं।

# गुटबाजी में उलझा अकाली दल : मुख्यमंत्री

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शिरोमणि अकाली दल की दयनीय स्थिति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह अजीब है कि अकाली दल सुप्रीमो सुखबीर सिंह बादल अपनी ही पार्टी के चुनाव निशान वाले उम्मीदवार के खिलाफ प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अकाली दल इस समय बुरी स्थिति में है क्योंकि अकाली नेता नेतागिरी चमकाने के लिए आपस में ही गुटबाजी में उलझे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस पार्टी की न तो कोई विचारधारा है और न ही नेतागिरी के भूखे नेताओं का कोई स्टैंड ही रहा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ये अकाली नेता बेशर्मी से केवल अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के लिए काम कर रहे हैं जबकि उन्हें पंजाब और पंजाबियों की पीड़ा की कोई परवाह नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की पुरानी पार्टी शिरोमणि अकाली दल की दयनीय स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जालंधर उपचुनाव में पार्टी अध्यक्ष अकाली दल के चुनाव चिन्ह वाले उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अकाली दल का चुनाव चिह्न किसी अन्य उम्मीदवार के पास है जबकि



सुखबीर सिंह बादल किसी अन्य उम्मीदवार के लिए प्रचार करेंगे। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ये नेता राज्य की जनता का अपमान कर रहे हैं जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता इन नेताओं को उनके अपराधों के लिए माफ नहीं करेगी और चुनाव में उन्हें उचित सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता इन नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाएगी क्योंकि इन लोगों ने अपने निम्न स्तर का प्रचार करना बंद नहीं करना है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन नेताओं ने हमेशा पंजाब और पंजाबियों की परवाह किए बिना अपने हितों को पहले रखकर राज्य के लोगों के साथ धोखा किया है।

# नीट-यूजी पेपर लीक मामले में हुई पहली गिरफ्तारी

**नई दिल्ली.** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में पहली बार गिरफ्तारियां की हैं और पटना से 2 लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने बताया कि मनीष कुमार और आशुतोष कुमार ने परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को सुरक्षित परिसर कथित तौर पर मुहैया कराए जहां उन्हें लीक हुए प्रश्न पत्र तथा उत्तर पुस्तिकाएं दी गईं। सीबीआई ने नीट परीक्षा पत्र लीक मामले में 6 प्राथमिकियां दर्ज की हैं। इन दोनों ने छात्रों को स्कूल में पेपर दिया था।

नीट-यूजी परीक्षा देशभर में सरकारी तथा निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाती है। इस साल यह परीक्षा 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर पांच मई को आयोजित की गयी। इसमें 23 लाख से अधिक उम्मीदवार बैठे थे। सीबीआई ने इस मामले में पहली एफआईआर रविवार को दर्ज की थी। इससे एक दिन पहले सरकार ने घोषणा की थी कि




वह परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंपेगी। प्रदर्शनरत छात्रों का एक वर्ग सीबीआई से इस मामले की जांच कराने की मांग कर रहा था। नीट परीक्षा में धांधली मामले में अन्य याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से जारी किए गए इस नोटिस को एनटीए ने स्वीकार कर लिया है। अर्जी को भी अन्य याचिकाओं के साथ जोड़ा गया। मामले में अब 8 जुलाई को सुनवाई होगी। कोर्ट में एक लर्निंग ऐप और छात्रों की तरफ से याचिका दाखिल की गई है। सुनवाई के दौरान कोचिंग सेंटर की ओर से कहा गया कि छात्रों को ओएमआर शीट देखने का अधिकार है।

# अंगुराल ने जालंधर के लोगों से विकास का हक छीना : आप



• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर/चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने भाजपा उम्मीदवार शीतल अंगुराल पर जालंधर पश्चिम के लोगों के साथ विश्वासघात करने, उनके जनादेश का अनादर करने और लोगों के काम से ऊपर अपने स्वार्थी अवैधानिक कार्यो को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया और अंगुराल पर तीखा हमला बोला। आप मंत्री अमन अरोड़ा ने गुरुवार को जालंधर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया, जहां उन्होंने शीतल अंगुराल से पांच सवाल पूछे और कहा कि उन्हें जालंधर पश्चिम के लोगों को इन सवालों के जवाब देने चाहिए। अमन अरोड़ा के साथ आप के जालंधर लोकसभा उम्मीदवार रहें पवन कुमार टीनू और लहरा गागा से आप विधायक बरिंदर गोयल भी मौजूद थे।

आप नेता ने कहा कि शीतल अंगुराल ने अपने स्वार्थ के लिए जालंधर की जनता पर यह उपचुनाव थोपा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने लोगों के साथ विश्वासघात किया है और अब जालंधर की जनता इस दल बदलू को सबक सिखाएगी। अरोड़ा ने कहा कि शीतल अंगुराल ने अपने हलके की जनता और उनके जनादेश की जगह एक तानाशाह पार्टी भाजपा को चुना है।

उन्होंने कहा कि भाजपा हमारे संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का काम कर रही है और शीतल अंगुराल जैसे लोग ऐसा करने में उनकी मदद कर रहे हैं। आप नेता ने लोगों से ऐसे लोगों और पार्टियों के खिलाफ वोट देने का आग्रह किया और कहा कि ये हमारे लोकतंत्र के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि केवल आम आदमी पार्टी ही बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को बचाने का काम कर रही है।

अमन अरोड़ा ने कहा कि जालंधर पश्चिम की जनता शीतल अंगुराल को अच्छी तरह से जानती है लेकिन आम आदमी पार्टी अभी भी कुछ सवाल उठाना चाहती है जिसका जवाब पूर्व विधायक को देना चाहिए, इससे पहले कि वह लोगों के बीच जाकर उनके साथ इस तरह से विश्वासघात करने के बाद दोबारा उनका वोट और विश्वास मांगे। अरोड़ा ने कहा कि शीतल अंगुराल ने ढाई महीने पहले इस्तीफा दिया और फिर आम चुनाव के बाद उन्होंने अपना इस्तीफा वापस लेने की कोशिश की लेकिन तब तक स्पीकर ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया था।

# परीक्षा का पारदर्शी, सुचारु और निष्पक्ष संचालन

## एनटीए के तहत विभिन्न परीक्षाओं के लिए सालाना 10 मिलियन से अधिक छात्र कराते हैं पंजीकरण

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्ठा के बारे में बढ़ती चिंताओं के जवाब में हमारी सरकार ने मुद्दों के समाधान के लिए तेजी से निर्णायक कार्रवाई की है। एनईईटी पीजी परीक्षा को स्थगित करने, छह शहरों में एनईईटी यूजी की पुनर्परीक्षा के दौरान पेपर लीक के आरोप तथा हाल ही में यूजीसी नेट के पेपर लीक होने जैसी घटनाओं ने इन महत्वपूर्ण परीक्षाओं की निष्पक्षता और विश्वसनीयता के बारे में देश भर के छात्रों के बीच गंभीर संदेह पैदा कर दिया है। भारत सरकार के सक्रिय कदमों में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के शीर्ष नेतृत्व को बदलना और विशेषज्ञ समितियों की स्थापना करना शामिल हैं, जो विश्वास बहाल करने और परीक्षा प्रक्रिया की निष्ठा सुनिश्चित करने के



प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। ये कार्य केवल तात्कालिक चुनौतियों का समाधान करने के बारे में नहीं हैं, बल्कि ये कदम सभी छात्रों में विश्वास को फिर से बहाल करने और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के संदर्भ में दीर्घकालिक रणनीति का भी संकेत देते हैं।

परीक्षा का पारदर्शी, सुचारु और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने एक उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इस समिति का लक्ष्य दो महीने के भीतर कार्रवाई योग्य सिफारिशें देना है, जो परीक्षा प्रक्रियाओं में सुधार करेगी, डेटा सुरक्षा के तौर-तरीकों को बेहतर बनायेगी और भविष्य में उल्लंघनों के खिलाफ बेहतर सुरक्षा के लिए एनटीए को प्रभावी रूप से पुनर्गठित करेगी। इसके अलावा, सीबीआई की भागीदारी एक गहन, निष्पक्ष जांच के प्रति कटिबद्धता को दर्शाती है, जो न केवल जिम्मेदार लोगों की पहचान करेगी, बल्कि उन प्रणालीगत कमजोरियों को भी उजागर करेगी, जिनकी वजह से इस तरह के उल्लंघन होते हैं। इसके अतिरिक्त, सरकार ने अनुचित प्रथाओं को रोकने और संभावित गलत काम करने वालों में भय पैदा करने के लिए सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम पेश किया है। इस अधिनियम में परीक्षा की सत्यनिष्ठा से समझौता करने के दोषी पाए जाने वालों के लिए 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने और 10 साल तक की कैद सहित कठोर दंड का प्रावधान किया गया है।

तत्काल कार्रवाई ठोस और आवश्यक है, जबकि परीक्षा प्रणाली में दीर्घकालिक सुरक्षा और निष्ठा सुनिश्चित करने के लिए आगे के कदम महत्वपूर्ण हैं। ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए अत्याधुनिक एन्क्रिप्शन तकनीकों और बहु-स्तरीय प्रमाणीकरण को लागू करने से अनधिकृत पहुंच से सुरक्षा मिल सकती है। एनटीए के तहत विभिन्न परीक्षाओं के लिए सालाना 10 मिलियन से अधिक छात्र पंजीकरण कराते हैं। केवल 2023 में 12.3 मिलियन उम्मीदवारों के साथ, एनटीए विश्व स्तर पर परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं में अग्रणी है। तकनीकी प्रगति और शैक्षिक प्राथमिकताओं के समन्वय के साथ, भारतीय प्रतियोगी परीक्षाओं का परिदृश्य, सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं और बेहतर विश्वसनीयता पर आधारित होगा। इन दूरदर्शी रणनीतियों का पालन करके, शैक्षिक परिदृश्य निष्पक्षता, पारदर्शिता और उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रख सकता है, जिससे अंततः छात्रों की आकांक्षाओं और देश की शैक्षिक प्रणाली की निष्ठा को लाभ होगा।

**-प्रो. हिमांशु राय, निदेशक, आईआईएम इंदौर**

# आगरा में फेमस हैं ये 5 मंदिर, एक में स्थापित हैं कैलाश से लाए गए शिवलिंग

*ताजनगरी आगरा एक फेमस टूरिस्ट प्लेस है। यहां पर देश विदेश से लोग घूमने-फिरने के लिए आते हैं। ताजमहल यहां का प्रमुख टूरिस्ट प्लेस है। लेकिन इस जगह के अलावा आप यहां के कुछ मंदिरों को भी एक्सप्लोर करें।*

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

भारत की हर एक जगह पर कुछ मंदिर काफी ज्यादा फेमस हैं। बात करें ताज नगरी आगरा की तो यहां पर भी ढ़ेरों मंदिर हैं। यहां कुछ बेहद फेमस मंदिर के नाम बता रहे हैं जहां पर भक्तों की भीड़ हमेशा लगी रहती है। एक मंदिर तो ऐसा है जहां पर कैलाश से 2 शिवलिंग लाकर स्थापित किए हैं।

### श्री खाटू श्याम जी मंदिर

ये मंदिर पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा खाटू श्याम जी मंदिर है। ये पूरी तरह से राजस्थान के सबसे पुराने खाटूश्याम जी मंदिर से प्रेरित है। आगरा के जियोनी मंडी में बना यह 3 मंजिला मंदिर सुबह 5:30 से रात 9 बजे तक खुला रहता है। माना जाता है कि खाटू श्याम की प्रार्थना श्री कृष्ण की प्रार्थना के समान ही की जाती है।

### कैलाश मंदिर

आगरा में कैलाश मंदिर एक स्थानीय शासक राजा सूरजमल द्वारा बनवाया गया शिव मंदिर है। कहा जाता है कि राजा सूरजमल को एक सपना आया था जहां खुद महादेव शिव उनके सपने में आए थे। इसलिए इसे एक अच्छा शगुन मानकर राजा सूरजमल ने अपने लोगों की एक टीम कैलाश पर्वत पर भेजी और वहां से वह एक शिवलिंग स्वरूप आगरा ले आएं। उनकी टीम ने ऐसे 2 अनोखे शिवलिंग खरीदे और आगरा में इस कैलाश मंदिर का निर्माण किया गया।

### श्री मनकामेश्वर मंदिर

श्री मनकामेश्वर मंदिर आगरा के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। रिपोर्ट्स कहती हैं कि ये मंदिर ताज महल से भी बहुत पुराना है। कई बड़े त्योहारों के दौरान यहां पर सबसे ज्यादा भीड़ होती है। यह मंदिर रावतपारा में है और ये सुबह 5:30 बजे से रात 8:30 बजे तक खुला रहता है।

### दयालबाग मंदिर

ये मंदिर राधा स्वामी आस्था का है। मंदिर की अनूठी और सुंदर वास्तुकला, शांतिपूर्ण वातावरण के लिए जानी जाती है। इस मंदिर का काम 1904 में शुरू हुआ था, हालांकि इसे 1980 में जनता के लिए खोल दिया गया।

### बल्केश्वर महादेव मंदिर

बल्केश्वर महादेव मंदिर महादेव शिव को समर्पित है, और ये 700 साल से ज्यादा पुराना है। कहा जाता है कि एक गाय इस क्षेत्र में नदी के पास घूम रही थी और एक स्थान पर वह जोर-जोर से रंभाने लगी, जिसने आसपास के सभी ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया। उसी जगह पर एक शिव लिंग पाया गया और लोगों द्वारा यहां एक शिव मंदिर का निर्माण किया गया।
















## SKIN CARE

# ओट्स खाने पर मिलेंगे ये 5 बेमिसाल फायदे, जानिए इसे खाने का आसान और अच्छा तरीका

**ज्यादातर फिटनेस फ्रीक्स नाश्ते में ओट्स खाना पसंद करते हैं। यहां जानिए इसके बेमिसाल फायदे और इसे किस समय पर खाएं।**



• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

ओट्स अपने पोषण प्रोफाइल के कारण हेल्दी खाने के लिए एक फेमस ऑप्शन है। इनमें बहुत सारे कार्ब्स, खासकर फाइबर शामिल होते हैं, जो स्वस्थ पाचन में मदद कर सकते हैं और आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराकर अपना वजन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। ओट्स पौधे-आधारित प्रोटीन का एक बड़ा स्रोत है क्योंकि इसमें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन भी शामिल होता है। ये ओवर ऑल हेल्थ के लिए फायदेमंद है, इसमें विटामिन और खनिजों का एक बड़ा स्रोत है, जैसे आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस और बी विटामिन। जानिए इसके फायद और खाने का बेस्ट और आसान तरीका-

### ओट्स के फायदे

1. ओट्स में फाइबर होता है जिसे बीटा-ग्लूकन कहा जाता है। ये कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर के लेवल को मैनेज करने और आंत के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद करता है।
2. दूसरे अनाजों की तुलना में ओट्स अच्छी मात्रा में प्रोटीन देते हैं, जिससे लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस होता है।
3. ये यौगिक शरीर में फ्री कणों से लड़ते हैं, संभावित रूप से पुरानी बीमारियों के खतरे को कम करते हैं।
4. ओट्स के फाइबर और प्रोटीन भूख बढ़ाते हैं, जो वजन मैनेज करने में मदद कर सकते हैं।
5. ओट्स में बीटा-ग्लूकन ब्लड शुगर विनियमन में सुधार कर सकता है, जिससे मोटापे या डायबिटीज वाले लोगों को फायदा होता है।

### क्या है ओट्स खाने का सही तरीका

### ओवरनाइट ओट्स

ओट्स खाने के लिए ये बेस्ट और आसान तरीका है। इसके लिए बस ओट्स को थोड़े से पानी या दूध के साथ मिलाना है और फिर उन्हें रात भर के लिए फ्रिज में रख दें। ओट्स सारा लिक्विट सोख लेगी, जिससे आपको इसकी बनावट नरम होगी। आप इसे व्यावहारिक रूप से किसी भी चीज के साथ मिला सकते हैं। इसे तुरंत नाश्ते के लिए बनाना बहुत आसान हो जाता है। इसमें कटे हुए फल, चिया बीज, दही मिला सकते हैं।

***डिस्क्लेमर :*** *इस आर्टिकल में बताई विधि, तरीकों व दावों को केवल सुझाव के रूप में लें। इस तरह के किसी भी उपचार/दवा/डाइट और सुझाव पर अमल करने से पहले डॉक्टर या एक्सपर्ट से सलाह लें।*

# थोड़ी सी मलाई से निकलेगा ढेर सारा घी, बस इन बातों का रखना है ध्यान

**भारतीय खाने में देसी घी का कोई मुकाबला नहीं है। घर का सादा खाना हो या जश्न की दावत हर जगह देशी घी का अपना बोलबाला है,लेकिन मिलावट के इस दौर में शुद्ध देसी घी ढूंढना बेहद ही मुश्किल है। घर पर बनाएं तो समय, झंझट और इतनी सारी मलाई कहां से लाएं। आपके इन सभी सवालों के जवाब आज हम लेकर आए हैं।**



• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

इंडियन कुकिंग की बात हो तो देसी घी का कोई तोड़ नहीं। रोटी हो या सब्जी, दाल हो या चावल सभी में देसी घी जान डाल देता है। यह न केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है बल्कि खाने को और भी पौष्टिक बनाता है। बड़े- बड़े हेल्थ एक्सपर्ट भी रोजाना एक चम्मच घी अपनी डाइट में शामिल करने की बात कहते हैं। लेकिन आजकल के दौर में बिना मिलावट वाला शुद्ध देसी घी खोजना किसी खजाने को ढूंढने से कम नहीं। अब सबसे अच्छा तरीका यही बचता है कि खुद ही घर पर घी बना लिए जाए, लेकिन यह बहुत ही महंगा और झंझट भरा होता है।आज हम आपकी इसी समस्या का समाधान लेकर आए हैं।

**घी निकालने से पहले इन बातों का रखना है ध्यान-** घर पर भी आसानी से देसी घी निकाला जा सकता है। और तो और यह मार्केट से भी ज्यादा किफायती पड़ सकता है, अगर कुछ टिप्स को फॉलो किया जाए। सबसे पहले तो मलाई को ज्यादा दिनों तक इक्कठा करने से बचना होगा। कई बार हम लोग बहुत दिन तक मलाई इक्कठा करने में लगे रहते हैं जिससे उसमें अलग तरह की खुशबू आने लगती है जो बिलकुल अच्छी नहीं लगती।अगर आज घी निकालने वाले हैं तो कल रात ही मलाई में थोड़ी सी दही डालकर रख दें। सुबह तक मलाई पूरी तरह जम जायेगी। अब आप घी निकालने के लिए एकदम तैयार हैं।

**बस इस एक चीज को मिलाकर बदल जाएगा सारा खेल** - घी निकालते वक्त जो सबसे बड़ा 'गेम चेंजर' है वो है 'बर्फ'। जी हां बर्फ के इस्तेमाल से ही आप कम मलाई में भी बहुत सारा घी निकाल सकेंगी।रात की जमी हुई मलाई को एक मिक्सर में डाल लें। अब उसमें बर्फ का ठंडा पानी मिलाते जाएं। ऐसा करने पर आप देखेंगे कि भर- भरकर मक्खन निकलेगा। अब इस निकले हुए मक्खन में भी थोड़े से बर्फ के टुकड़े डाल दें। इससे मक्खन की मात्रा और बढ़ जाएगी। ये टिप खासतौर से गर्मियों के मौसम के लिए बहुत असरदार है।

**'लास्ट' बट नॉट द 'लीस्ट'** - अंत में सारे मक्खन को छाछ से अलग कर लें। इसे धीमी आंच पर गैस पर चढ़ाए। अब इसे लगभग आधे घंटे तक वैसे ही छोड़ दें। बीच बीच में इसे चलाते रहें। जब इसका कलर थोड़ा सा शाइनी हो जाए तब इसे आंच से उतार दें। ध्यान रहे इसे छानकर ही बर्तन में भरें।

# कामकाजी मांओं की सबसे बड़ी चिंता का लगा पता, मोटापे से जुड़ा है कनेक्शन




**जालंधर ब्रीज (फीचर)** . जिंदगी कैसे जी जाए? आराम से? एक ही ढर्रे पर? आज के युवा कहेंगे, यह भी कोर्ई जिंदगी है। एकरसता से ऊब होती है। वो जिंदगी ही क्या जिसमें जोखिम ना हो। कौन लेता है ज्यादा जोखिम? स्त्री या पुरुष? यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया और एडिथ कोवन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इस सवाल का जवाब तलाशने की कोशिश की है। आमतौर पर यह माना जाता है कि महिलाओं के मुकाबले पुरुष अधिक रिस्क लेते हैं। इस अध्ययन में भी यही बात सामने आई कि महिलाओं के मुकाबले पुरुष 36 प्रतिशत अधिक जोखिम लेते हैं। इस रिसर्च से जुड़ी हैना गॉडमैन का कहना है, 'सड़क हो या घर के बाहर, पुरुषों को रोमांच पसंद आता है। यह बात भी सही है कि रोमांचक जिंदगी जीने में अब युवतियां भी आगे आ रही हैं। पिछले दस सालों में उनकी भागीदारी 13 प्रतिशत बढ़ी है।

इस रिसर्च में लगभग 1030 लोगों ने भाग लिया। यह देखा गया कि सड़क पर लोग गाड़ी कैसे चलाते हैं, सड़क कैसे पार करते हैं और साइकिल कैसे चलाते हैं। अध्ययन में यह भी देखा गया कि किस तबके के लोग ज्यादा खतरा मोल लेते हैं? अमीर या गरीब? इस रिसर्च के नतीजों के मुताबिक आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति ज्यादा खतरे उठाता है और कई बार अपनी जिंदगी की परवाह नहीं करता। रिसर्च के मुताबिक, 'सेक्सुअल सिलेक्शन का सिद्धांत यह अनुमान लगाता है कि पुरुष, अपने प्रजनन (खासकर जवानी) के दिनों में महिलाओं के मुकाबले ज्यादा जोखिम वाले काम करते हैं। माना जाता है, जोखिम लेने की आदत से अच्छे जीन और बेहतर साथी का अनुमान लगाया जाता है।

**कामकाजी मांओं की बढ़ रही है चिंता** - दुनिया भर में कामकाजी मांओं को दोहरी जिंदगी जीनी पड़ती है, इस बात से हम सब वाकिफ हैं। पिछले दिनों अमेरिका के डेलॉइट यूनिवर्सिटी में हुए एक रिसर्च के मुताबिक पिछले तीन सालों में कामकाजी मांओं की सबसे बड़ी चिंता है कि उसका बच्चा मोटा हो रहा है। महामारी के बाद से मांओं की सोच में बड़ा परिवर्तन आया है। इस सर्वे में भाग लेने वाली 6337 मांओं में से 4652 मांओं ने कहा कि उनके बच्चे मोटापे के शिकार हो रहे हैं और उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वे उन्हें संतुलित आहार कैसे खाने को दें। इस सर्वे में शामिल 53 प्रतिशत मांओं ने कहा कि बच्चों का आहार उनकी चिंता का बहुत बड़ा विषय है। पुणे के सिंबायोसिस यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर डॉक्टर लता आंजरेकर कहती हैं, 'इस समय बच्चों में मोटापा एक महामारी बन गया है। इसकी चिंता हर किसी को करनी चाहिए।

***डिस्क्लेमर :*** *इस आर्टिकल में बताई विधि, तरीकों व दावों को केवल सुझाव के रूप में लें। इस तरह के किसी भी उपचार/दवा/डाइट और सुझाव पर अमल करने से पहले डॉक्टर या एक्सपर्ट से सलाह लें।*

# दिनभर घर से बाहर रहते हैं तो जरूर पिएं खस का शरबत, मिलेंगे फायदे

## HEALTH

गर्मी में शरीर में हो रही हीट से परेशान रहते हैं तो खस से बने शरबत को पीने से फायदा होता है। जानें खस को रोजाना लेने से क्या फायदे होते हैं।



• **जालंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

भयंकर गर्मी में अगर काम के सिलसिले में घर से बाहर रहना पड़े तो सेहत का ज्यादा ख्याल रखने की जरूरत होती है। धूप और पसीना शरीर में पानी की कमी तो पैदा करता ही है साथ ही बॉडी में बहुत ज्यादा हीट पैदा होने लगती है। ऐसे में खस का शरबत बेहतरीन कूलिंग देगा। खस का शरबत शरीर को ठंडक देने के साथ बॉडी में होने वाली हीट को खत्म करता है। रोजाना खस का शरबत पिएंगे तो इससे शरीर को ठंडक मिलने के साथ होंगे ये सारे फायदे।

### साथ लेकर निकलें खस का शरबत

घर से बाहर जा रहे तो बाहर के केमिकल वाले शरबत या सोडा ड्रिंक पीने से बेहतर है कि बोतल में खस के शरबत को रखें। और समय-समय पर पीते रहें।

### इन वजहों से खस के शरबत को पीना है अच्छा

### ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाता है

खस केवल शरीर की गर्मी ही नहीं सोखता बल्कि ये बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन को भी बढ़ाता है। खस जिसे वेटिवर भी कहते हैं, इस खास में आयरन, मैंगनीज और विटामिन बी6 होते हैं। जो शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को सही रखने में मदद करता है। जिससे हार्ट पर दबाव नहीं पड़ता।

### आंखों को गर्मी से बचाता है

गर्मी की तेज किरणें आंखों को भी नुकसान पहुंचाती है और काफी सारे लोगों को आंखों में लालिमा की शिकायत हो जाती है। खस में जिंक की मात्रा अच्छी खासी होती है और ये आंखों को गर्मी से बचाता है। अगर हर दिन खस के शरबत को पिया जाए तो ये आंखों में होने वाले रेडनेस को कम करने में मदद करेगा।

### बार-बार लगने वाली प्यास को बुझाता है

गर्मी के मौसम में शरीर का पानी सूखने लगता है जिसकी वजह से प्यास लगती है। ज्यादा मात्रा में पानी पीना खतरनाक हो सकता है। ऐसे में खस का शरबत पिएं। ये बार-बार लगने वाली प्यास को कम करता है। बॉडी में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस करने और हीट को कम करने में मदद करता है। फ्रेश खस के बने शरबत को नींबू और नमक मिलाकर पिया जाए, तो ये बेस्ट ड्रिंक है।

### यूरिन में दिक्कत होने पर पिएं खस का शरबत

जिन लोगों को यूरिन से जुड़ी परेशानियां, कम पेशाब आना जैसी दिक्कत हो उसे खसखस की जड़ को मिश्री के साथ मिलाकर खाने से फायदा होता है।

### बॉडी हीट कम करने के लिए

बॉडी हीट को कम करना हो तो खस की जड़ को पानी में भिगोकर सुबह के वक्त पिएं। ये शरीर को ठंडक देता है।

***नोट :*** *इस खबर में बताए गए सुझाव सामान्य जानकारी पर आधारित हैं। इसलिए किसी भी उपचार/दवा/डाइट को अमल करने से पहले डाक्टर या संबंधित एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।*

# "अगले 5 वर्षों में भारत की परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता लगभग 70 प्रतिशत बढ़ जाएगी" : केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह

• 7.48 गीगावाट की स्थापित क्षमता 2029 तक 13.08 गीगावाट हो जाएगी: डॉ. सिंह • डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, "स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए"

• **जालंधर ब्रीज .** नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज यहां परमाणु ऊर्जा विभाग की 100 दिवसीय कार्य योजना की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा "भारत की परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता अगले पांच वर्षों में लगभग 70 प्रतिशत बढ़ जाएगी।"

यह केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन विभाग, डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा मोदी सरकार 3.0 में मंत्री के रूप में पुनः कार्यभार संभालने के बाद आयोजित पहली परमाणु ऊर्जा से संबंधित बैठक है।

ऊर्जा परिदृश्य में परमाणु ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा में भारत की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, "7.48 गीगावॉट की स्थापित क्षमता 2029 तक 13.08 गीगावॉट हो जाएगी, जो 7 नए रिएक्टरों के जुड़ने से 70 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। उन्होंने पहले से चल रही परियोजनाओं का भी जायजा लिया और आगामी योजनाओं के लिए दिशा-निर्देश दिए।

डॉ. जितेन्द्र सिंह ने विभाग को क्षमता निर्माण और ज्ञान, संसाधनों और विशेषज्ञता को साझा करके पूर्ण क्षमता का दोहन करने के लिए एकीकृत सहयोग करने का निर्देश दिया। मंत्री ने प्रौद्योगिकी के स्वदेशी विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।" उन्होंने याद दिलाया कि इस सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के साथ संयुक्त उपक्रमों की अनुमति, सहयोग के माध्यम से बजट में वृद्धि करके, अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों का उपयोग और सहयोग में वृद्धि करके दी है। अनुसंधान में आसानी और गतिविधियों को बढ़ाने पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम आसान विज्ञान को बढ़ावा देने और परमाणु प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग द्वारा नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए एकल बिंदु अनुमोदन दे रहे हैं।

डॉ. जितेन्द्र सिंह ने बताया कि विभाग कैप्टिव परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए भारत लघु रिएक्टर (बीएसआर) का उपयोग करने के लिए 220 मेगावाट दबावयुक्त भारी जल रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) को डिजाइन कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि डीएई कैलेंड्रिया को प्रेशर वेसल द्वारा प्रतिस्थापित करके हल्के जल-आधारित रिएक्टरों का उपयोग करने के लिए भारत लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (बीएसएमआर) 220 मेगावाट पर भी काम कर रहा है।

डॉ. जीतेंद्र सिंह के अनुसार, भाविनी सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की प्रारंभिक ईंधन लोडिंग को पूरा करने का काम प्रगति पर है और आने वाले महीनों में इसकी पहली क्रिटिकैलिटी की ओर बढ़ने की उम्मीद है। यह पहला फास्ट ब्रीडर रिएक्टर है जो अपनी खपत से ज़्यादा ईंधन का उत्पादन करता है।

मंत्री ने जोर देकर कहा कि ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ रेडियोफार्मास्युटिकल्स और परमाणु चिकित्सा, कृषि और खाद्य संरक्षण पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि विकिरण प्रौद्योगिकी के विकास से आम नागरिकों को आर्थिक और सामाजिक लाभ होगा और जीवन को आसान बनाने में मदद मिलेगी तथा उप-परमाणु कणों का उपयोग करके बुनियादी, अनुप्रयुक्त और ट्रांसलेशनल विज्ञान में अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा।

समीक्षा बैठक में परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. अजीत कुमार मोहंती तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### शिमला में नए आपराधिक कानूनों पर वार्तालाप

# 1 जुलाई, 2024 से सभी मामलों को नए आपराधिक कानूनों के तहत दर्ज किया जाएगा : एडीजीपी

• **जालंधर ब्रीज .** शिमला




तीन नए आपराधिक कानूनों, अर्थात् भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023; भारतीय न्याय संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के कार्यान्वयन से क्या बदलने जा रहा है? इन कानूनों की मुख्य विशेषताएं क्या हैं और इनका उद्देश्य क्या हासिल करना है? भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत प्रेस इनफॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) ने तीन नए कानूनों के प्रावधानों के बारे में मीडिया को परिचित कराने के लिए आज, 26 जून, 2024 को शिमला में एक वार्तालाप का आयोजन किया, जो कुछ ही दिनों में 1 जुलाई, 2024 से लागू होने वाले हैं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, अभिषेक त्रिवेदी थे। कमांडेंट, प्रथम एचपीएपी बटालियन जुंगा, शिमला, रोहित मालपानी; एचपी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, शिमला के लॉ के प्रोफेसर, प्रो. (डॉ.) गिरजेश शुक्ला; और एचपी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, शिमला के लॉ के एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. संतोष कुमार शर्मा अन्य विषय-वस्तु विशेषज्ञों ने मीडिया को संबोधित किया।

मुख्य अतिथि और हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था अभिषेक त्रिवेदी ने कहा कि 1 जुलाई, 2024 से दर्ज सभी मामलों का निपटारा नए आपराधिक कानूनों के तहत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था में जाने की तैयारी जोरों पर चल रही है। "सभी स्तरों पर सभी अधिकारियों का प्रशिक्षण किया जा रहा है और जल्द ही पूरा हो जाएगा। न्यायिक अधिकारी, फोरेंसिक अधिकारी, जेल अधिकारी - जो भी आपराधिक न्याय के प्रशासन में शामिल हैं - उन्हें प्रशिक्षण की आवश्यकता है। हमने मास्टर ट्रेनर बनाए हैं और हर पुलिस स्टेशन में मास्टर ट्रेनर बनाए गए हैं। हेड कांस्टेबल और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों को उन्नत स्तर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।"

"नए कानूनों में समय की जरूरतों के अनुरूप कई बदलाव किए गए हैं"

बदलते समय की जरूरतों के अनुसार कई बदलाव किए गए हैं, यह बताते हुए एडीजीपी ने कहा कि नए कानूनों के तहत तकनीक पर बहुत बल दिया गया है। "नए कानून ई-एफआईआर दाखिल करने में पूरे देश में एकरूपता लाएंगे। मोबाइल फोन और एप्लीकेशन पर जोर दिया जा रहा है। अब किसी भी जब्ती की वीडियोग्राफी करनी होगी।" उन्होंने कहा कि पुलिस के साथ-साथ अन्य लोगों को भी कड़ी मेहनत करनी होगी और अधिक तकनीक के अनुकूल बनना होगा।

एडीजीपी ने कहा कि कई देशों में कानूनों की नियमित समीक्षा होती है और इस संबंध में नए कानून बहुत स्वागत योग्य हैं।

एनसीआरबी का संकलन ऐप पुराने और नए कानूनों के बीच पत्राचार प्रदान करता है

एडीजीपी ने बताया कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने संकलन नाम से एक मुफ्त ऐप बनाया है, जो भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की पुरानी धाराओं और संबंधित नए आपराधिक कानून के तहत उनकी संबंधित नई धाराओं के बारे में जानकारी प्रदान करता है।

"पूरी आपराधिक न्याय प्रणाली और पूरे समाज को नए कानूनों से लाभ होगा"

जन जागरूकता के महत्व के बारे में बोलते हुए, एडीजीपी ने कहा कि इसका हर व्यक्ति पर प्रभाव पड़ता है, सभी को कानूनों के बारे में सीखना चाहिए और जागरूकता फैलानी चाहिए। "पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो ने वीडियो उपलब्ध कराए हैं। इसका प्रभाव बहुत बड़ा है और आने वाले कुछ सालों में इसका असर दिखेगा। यह बहुत जरूरी था। हमने इससे जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन शुरू की है, साथ ही तकनीक भी इसमें बहुत मदद कर रही है और रिफ्रेशर ट्रेनिंग भी आयोजित की गई है। एडीजीपी ने बताया कि नए कानूनों से आपराधिक न्याय प्रणाली और समाज को फायदा होगा। इससे व्यवस्था पारदर्शी, मजबूत और प्रभावी बनेगी।

"नए कानूनों का मूल उद्देश्य न्याय प्रदान करना है, सजा देना नहीं"

एडीजीपी के शब्दों को दोहराते हुए, कमांडेंट, प्रथम एचपीएपी बटालियन जुन्गा, शिमला के श्री रोहित मालपानी ने बताया कि नए कानूनों का मूल उद्देश्य न्याय प्रदान करना है, न कि सजा देना; जहां न्याय में पीड़ित, आरोपी और समाज, जिसमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ई-एफआईआर और जीरो-एफआईआर के प्रावधान पहले से ही मौजूद हैं, इन्हें नए कानून के तहत औपचारिक रूप दिया गया है, जिससे ग्रे एरिया खत्म हो जाएंगा। "अब, कोई भी अधिकारी इस बात से इनकार नहीं कर सकता कि अपराध कहीं और हुआ है और इसलिए उस एफआईआर को उसके पुलिस स्टेशन में दर्ज नहीं किया जा सकता है।"

कमांडेंट ने कहा कि नए कानून में तलाशी और जब्ती कार्रवाई की वीडियोग्राफी का प्रावधान पुलिस अधिकारियों को यह याद रखने में सक्षम बनाता है कि उनके द्वारा जांचे गए पुराने मामलों में वास्तव में क्या हुआ था और जब सबूत अदालत में पेश किए जाते हैं तो उनका बेहतर ढंग से मूल्यांकन किया जाता है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव के साथ दूरभाष पर बातचीत

• **जालंधर ब्रीज .** नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव के साथ दूरभाष पर बातचीत की। राष्ट्रपति टोकायेव ने दुनिया में सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सफल संचालन और ऐतिहासिक तौर पर तीसरी बार लगातार निर्वाचित होने पर प्रधानमंत्री को हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री ने उनकी हार्दिक शुभकामनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर निरंतर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने अस्ताना में आगामी एससीओ शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए भारत का पूर्ण समर्थन व्यक्त किया और इस बात पर विश्वास व्यक्त किया कि कजाकिस्तान का नेतृत्व क्षेत्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने में बहुत योगदान देगा। दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति व्यक्त की।

## पासपोर्ट सेवा केंद्र, अंबाला कार्यालय का स्थान बदला




• **जालंधर ब्रीज (अंबाला).** पासपोर्ट सेवा केंद्र, अंबाला का मौजूदा कार्यालय स्थान - प्लॉट संख्या 2014ए, चंडीगढ़ रोड, अंबाला शहर से नए स्थान - प्लॉट संख्या 01, सेक्टर-7, गैलेक्सी मॉल, अंबाला शहर पर स्थानांतरित हो रहा है। 2. पासपोर्ट सेवा केंद्र, अंबाला का नया स्थान जनता की सुविधा के लिए आधुनिक सुविधाओं और बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित होगा। 3. पासपोर्ट सेवा केंद्र, अंबाला का नया स्थान दिनांक - 24.06.2024 से प्रभावी रूप से संचालन शुरू करेगा। सभी आवेदक जिन्होंने पासपोर्ट सेवा केंद्र, अंबाला के मौजूदा स्थान (प्लॉट संख्या 2014ए, चंडीगढ़ रोड, अंबाला) पर दिनांक - 24.06.2024 को या उसके बाद अपनी अपॉइंटमेंट बुक की है, उनसे अनुरोध है कि वे अपनी अपॉइंटमेंट के अनुसार निर्धारित तिथि और समय पर नए स्थान में - प्लॉट संख्या 01, सेक्टर-7, गैलेक्सी मॉल, अंबाला शहर पर जाएं।

## इस देश की 42 हजार महिलाएं क्यों अपने पास रखना चाहती हैं बंदूक? सरकार से कर दी लाइसेंस की मांग

**जालंधर ब्रीज (वर्ल्ड न्यूज) .** इजरायल की 42000 महिलाओं ने गन लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। घर में इजराइल में 7 अक्टूबर 2023 को हमास की तरफ से हमला किया गया था। भाग्य नागरिकों में सुरक्षा को लेकर आशंका बैठ गई है। इसी वजह से इसराइल में कई हजार महिलाओं ने गन लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। वहीं कई फेमिनिस्ट की ओर से महिलाओं के हथियार उठाने की आलोचना की गई है। को बता दे कि इसराइली सुरक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल हुए भीषण हमले के बाद से 42000 महिलाओं ने बंदूक परमिट के लिए आवेदन किया है। इसमें से 18000 महिलाओं को मंजूरी मिल गई है और ये आंकड़ा इस्रायल हमास के बीच चल रहे जंग से पहले महिलाओं के बंदूक परमिट का तीन गुना है। मंत्रालय के अनुसार, 15,000 से अधिक महिला नागरिकों के पास अब इज़राइल और कब्जे वाले वेस्ट बैंक में बन्दूक है, जिनमें से 10,000 महिलाओं ने इसे चलाने के लिए ट्रेनिंग सेंटर में एडमिशन कराया है। एरियल के वेस्ट बैंक बस्ती में एक शूटिंग रेंज में हथियार संभालने की कक्षा के दौरान राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर लिमोर गोनेन ने एएफपी को बताया कि मैंने कभी हथियार खरीदने या परमिट लेने के बारे में नहीं सोचा था, लेकिन 7 अक्टूबर के बाद से चीजें थोड़ी बदल गईं।



### डिजिटल जागरूकता को मजबूत करने के लिए

## CATC 173 ने साइबर सुरक्षा व्याख्यान और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया





• **जालंधर ब्रीज .** चंडीगढ़

2 चंडीगढ़ बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में, पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज सेक्टर 11 में एनसीसी CATC 173 के दौरान साइबर सुरक्षा पर एक केंद्रीय व्याख्यान और योग के लाभों पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ श्री विकास सांगवान ने साइबर खतरों और सुरक्षा रणनीतियों पर एक व्यावहारिक व्याख्यान दिया, जिसमें एनसीसी कैडेट और स्टाफ ने एक गतिशील प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लिया। साथ ही, एक पोस्टर प्रतियोगिता में योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटों की रचनात्मक भागीदारी देखी गई। उन्होंने कार्यक्रमों के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने श्री सांगवान की प्रशंसा की, जिन्होंने एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया, जिससे कैडेटों को बहुत लाभ हुआ और कर्नल परमजीत सिंह*वीएसएम* कैंप कमांडेंट ने भी पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उनकी सक्रिय भागीदारी और रचनात्मकता के लिए कैडेटों की सराहना की, उन्होंने समग्र विकास और जागरूकता को बढ़ावा देने में ऐसी गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। सीएटीसी 173 ने साइबर सुरक्षा व्याख्यान और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया

2 चंडीगढ़ बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में, एनसीसी सीएटीसी 173 के दौरान साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान और योग के लाभों पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज सेक्टर 11 में किया गया। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ श्री विकास सांगवान ने साइबर खतरों और सुरक्षा रणनीतियों पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया, जिसमें एनसीसी कैडेट और कर्मचारियों ने एक गतिशील प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लिया। साथ ही, एक पोस्टर प्रतियोगिता में योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटों की रचनात्मक भागीदारी देखी गई। उन्होंने कार्यक्रमों के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने श्री सांगवान की प्रशंसा की जिन्होंने एक जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिया जिससे कैडेटों को बहुत लाभ हुआ और कर्नल परमजीत सिंह*वीएसएम* कैंप कमांडेंट ने भी पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उनकी उत्कृष्टता के लिए कैडेटों की प्रशंसा की।

# करो योग रहो निरोग : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत विभिन्न संस्थानों ने योग कैंप का आयोजन कर योग बारे लोगों को किया जागरूक

## केंद्रीय संचार ब्यूरो, चंडीगढ़ ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 मनाया

**जालंधर ब्रीज (चंडीगढ़) .** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के अवसर पर, केंद्रीय संचार ब्यूरो, चंडीगढ़ ने पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में चार कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। ये कार्यक्रम योग के बारे में जागरूकता फैलाने और लोगों को इसके लाभों के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित किए गए। ये विषयगत कार्यक्रम इस वर्ष की थीम, "महिला सशक्तिकरण के लिए योग, और स्वयं और समाज के लिए योग" के अनुरूप हैं। ब्यूरो ने अपने विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से इन कार्यक्रमों का आयोजन किया। इनमें से एक कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के घुमारवीं में माँ संतोषी आईटीआई में क्षेत्रीय कार्यालय हमीरपुर द्वारा आयोजित किया गया। दूसरा कार्यक्रम जालंधर के पीआईएमएस में क्षेत्रीय कार्यालय जालंधर द्वारा आयोजित किया गया। तीसरा कार्यक्रम पंजाब के जिला तरनतारन के पट्टी जेल में क्षेत्रीय कार्यालय अमृतसर द्वारा आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त, क्षेत्रीय कार्यालय हिसार ने हरियाणा के फतेहाबाद के भेड़ियाँ खेड़ा में राजकीय आईटीआई में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इनमें से प्रत्येक कार्यक्रम योग के महत्वपूर्ण लाभों को उजागर करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करता है।



प्राथमिक उद्देश्य योग के समग्र लाभों को बढ़ावा देना और महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को बढ़ाने में इसकी भूमिका पर जोर देना है। आयुष मंत्रालय द्वारा समर्थित शोध के अंतर्गत, इन कार्यक्रमों ने पीसीओएस/पीसीओडी और तनाव जैसी स्थितियों के प्रबंधन में योग की प्रभावकारिता पर प्रकाश डाला, जिससे सभी उम्र की महिलाओं के स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलेगा। इस साक्ष्य-आधारित शोध को बढ़ावा देकर, कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना तथा उन्हें अपने समुदायों में बदलाव के लिए नेता, शिक्षक और अधिवक्ता बनने में सक्षम बनाना है। प्रत्येक कार्यक्रम एक दिवसीय था जिसमें विभिन्न प्रकार की आकर्षक गतिविधियाँ जैसे योग सत्र, विशेषज्ञों के अतिथि व्याख्यान, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी आयोजित की गईं। ये गतिविधियाँ संबंधित जिला प्रशासन के समन्वय में आईटीआई में आयोजित की गईं।

## 3 बेस रिपेयर डिपो चंडीगढ़ ने किया योग सत्र का आयोजन



**चंडीगढ़ .** 3 बेस रिपेयर डिपो चंडीगढ़ ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'स्वयं और समाज के लिए योग' विषय के अनुरूप एक योग सत्र का आयोजन किया। । इस कार्यक्रम में बेस रिपेयर डिपो के सभी कर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस प्राचीन अभ्यास के प्रति अपनी निष्ठा की पुष्टि की जो इस शक्तिशाली अभ्यास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता व्यक्त करने का विशेष अवसर प्रदान करती है। एयर कमोडोर राजीव श्रीवास्तव, एयर ऑफिसर कमांडिंग, बेस रिपेयर डिपो चंडीगढ़ अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ इस विशेष योग सत्र में शामिल हुए। कार्यक्रम में बुनियादी ' योग क्रियाओं के साथ साथ 'आसन', 'प्राणायाम' किए गए । समापन 'संकल्प' तथा प्रार्थना के साथ हुआ। परिचयात्मक भाषण में वायु योद्धाओं को प्रतिरक्षा और फिटनेस के लिए योग की अपार शक्ति और महत्व पर प्रकाश डाला गया। 900 से अधिक कर्मियों और उनके परिवारों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अपनी शारीरिक और मानसिक शक्ति को फिर से जीवंत करने के दिन के रूप में मनाया।

## पक्षाघात पुनर्वास केंद्र (सेना) ने 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**मोहाली .** पक्षाघात पुनर्वास केंद्र (सेना) अथवा पैराप्लेजिक रिहैबिलिटेशन सेंटर (पीआरसी), मोहाली ने आज इस वर्ष की थीम "स्वयं और समाज के लिए योग" के उपलक्ष में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर पक्षाघात ग्रसित सैनिकों, उनके परिवारों, बच्चों और पुनर्वास केंद्र के कर्मचारियों के लिए आसन, प्राणायाम और ध्यान सत्र सहित सरल योग प्रोटोकॉल आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य में सुधार करना था। सभी प्रतिभागियों ने योग को अपनी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने के लिए स्वयं को प्रतिबद्ध करने की शपथ ली। पैराप्लेजिक रिहैबिलिटेशन सेंटर जिसे पीआरसी मोहाली के नाम से जाना जाता है, एक अनूठा संस्थान है, जो 100% विकलांग सैनिकों की देखभाल करता है। यह उन वीर सैनिकों की पीड़ा को कम करने के प्रयासों का प्रतीक है, जो कभी हमारी सीमाओं के प्रहरी और रक्षक थे, जो सक्रिय सेवा के दौरान लगी रीढ़ की हड्डी की चोटों के कारण पैराप्लेजिक (दोनों निचले अंग लकवाग्रस्त) और क्वाड्रिप्लेजिक (चारों अंग लकवाग्रस्त) बन जाते हैं।

## एनआईटी ने 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उल्लास के साथ मनाया





**जालंधर .** डॉ. बी.आर. अंबेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जालंधर में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इसमें बड़ी संख्या में फैकल्टी, स्टाफ़, छात्र और परिसर निवासियों ने भाग लिया। संचित जैन (आर्ट ऑफ लिविंग, मोहाली सेंटर ) ने सहभागियों को सामान्य योग प्रोटोकॉल के साथ सक्रिय रूप से शामिल किया। प्रो. बिनोद कुमार कन्नौजिया, निदेशक एनआईटी जालंधर ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके अतिरिक्त प्रो. अजय बंसल, रजिस्ट्रार एनआईटी जालंधर ने आसनों और प्राणायाम के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में प्रो. सुभाष चंद्र, डीन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट, प्रो. ममता खोसला, डीन इंडस्ट्रियल अफेयर्स, डॉ. श्रीनिवासन, डॉ. मोहित सैनी, डॉ. दुश्यंत, डॉ. कुंदन, डॉ. हरप्रीत (एनएसएस विंग) सहित कई अन्य सदस्यों ने योग सत्र का लाभ उठाने के लिए भाग लिया।

